POLICE COMMISSIONERATE

PRAYAGRAJ

# सराहनीय कार्य / प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 10.09.2025

## थाना झूंसी पुलिस द्वारा वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार

थाना झूंसी पुलिस द्वारा थाना स्थानीय के पंजीकृत मु0अ0सं0- 86/2025 धारा 87/137(2) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अमित उर्फ सूरज पुत्र रामहेत निवासी ग्राम बसराही थाना गोयना जनपद छतरपुर म0प्र0 को आज दिनांक 10.09.2025 को टीकर माफी मोड़ थाना क्षेत्र झूंसी से गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

अमित उर्फ सूरज पुत्र रामहेत निवासी ग्राम बसराही थाना गोयना जनपद छतरपुर म0प्र0 उम्र करीब 20 वर्ष।

**सम्बन्धित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0-86/2025 धारा 87/137(2) बी0एन0एस0 थाना झूंसी कमिश्नरेट प्रयागराज।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 अखिल ओझा, थाना झूंसी कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. का0 रूपेश सिंह, थाना झूंसी कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. म0हे0का0 रन्जू सोनकर, थाना झूंसी कमिश्नरेट प्रयागराज।

## थाना माण्डा पुलिस टीम द्वारा गैंगेस्टर के अभियोग में वांछित 20 हजार रूपये का इनामियां अभियुक्त गिरफ्तार

थाना माण्डा पुलिस टीम द्वारा थाना मेजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 167/21 धारा 2/3 गैंगेस्टर एक्ट में नामजद/वांछित 20,000/- रुपये का इनामियां अभियुक्त मो0 रुस्तम पुत्र शेख शमसुल नि0 ग्राम बिउरा थाना बड्डी जिला रोहतास बिहार हाल पता विक्रमगंज वार्ड नं0-11, फारूकी मोहल्ला थाना विक्रमगंज चौक रोहतास बिहार को आज दिनांक-10.09.2025 को ग्राम दिघिया तिराहे के पास थाना क्षेत्र माण्डा से गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

### घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 07.04.2021 को तत्कालीन प्रभारी थाना मेजा द्वारा, थाना मेजा पर मु0अ0सं0 167/21 धारा 2/3 गैंगेस्टर एक्ट बनाम अभि0गण 1. रामसिंह पुत्र रोशनलाल यादव निवासी नेवादा बर्धनी थाना होलागढ़ जनपद प्रयागराज 2. दीपक कुमार पुत्र भारत प्रसाद नि0 बेती थाना हथिगवाँ जिला प्रतापगढ़ 3. राहुल सिंह पुत्र सत्यनारायण सिंह निवासी गढ़ुरा थाना अगरैर, जिला रोहतास बिहार 4. मो0 रुस्तम पुत्र शेख शमसुल नि0 ग्राम बिउरा थाना बड्डी जिला रोहतास बिहार हाल पता विक्रमगंज वार्ड नं0-11, फारूकी मोहल्ला थाना विक्रमगंज चौक रोहतास बिहार के विरूद्ध पंजीकृत कराया गया। अभियोग से सम्बन्धित सभी अभियुक्तगण लगातार फरार चल रहे थे, काफी प्रयास के बाद भी गिरफ्तारी ना होने की दशा में दिनांक 06.11.2024 को सभी अभियुक्तगण 1. रामसिंह 2. दीपक कुमार 3. राहुल सिंह 4. मो0 रुस्तम उपरोक्त पर 20-20 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया गया था, जिसके उपरांत अभियुक्त रामसिंह, राहुल सिंह व दीपक कुमार उपरोक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। फरार ईनामी अभियुक्त मो0 रुस्तम पुत्र शेख शमसुर की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा था, जिसके क्रम में आज दिनांक-10.09.2025 को अभियुक्त मो0 रुस्तम उपरोक्त को थाना क्षेत्र माण्डा से गिरफ्तार किया गया।

**पूछताछ का विवरण-**

अभियुक्त मो0 रुस्तम उपरोक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि वह डेहरी, ओनसोन बिहार में थ्रेसर प्लांट पर राहुल सिंह के साथ काम करता था, वहीं पर हमारी दोस्ती दीपक कुमार से हुई थी, उन्ही के साथ में गलत संगत में पड़ कर पैसे के लालच में घरों में चोरी, वाहनों की चोरी व बैटरी चोरी करने में संलिप्त हो गया और प्रयागराज में साथी रामसिंह के साथ मिलकर हम चारों ने मिलकर चोरी की घटनाएं थाना मेजा व माण्डा क्षेत्र में कारित की थीं। मैं पुलिस से बचने के लिये समय समय पर अपनी लोकेशन व मोबाइल नम्बर भी बदलता रहता था। बीच-बीच में कभी मौका लगता तो कभी धनबाद, कभी रोहतास व कभी प्रयागराज आकर कहीं पर भी हाथ साफ कर लेता था, आज भी उसी फिराक में घूम रहा था कि पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

मो0 रुस्तम पुत्र शेख शमसुल नि0 ग्राम बिउरा थाना बड्डी जिला रोहतास बिहार हाल पता विक्रमगंज वार्ड नं0-11, फारूकी मोहल्ला थाना विक्रमगंज चौक रोहतास बिहार, उम्र करीब 30 वर्ष।

**संबंधित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 167/21 धारा 2/3 गैंगेस्टर एक्ट थाना मेजा जनपद प्रयागराज।

**अभियुक्त मो0 रुस्तम उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 350/2020 धारा 457/380/411 भादवि थाना मेजा जनपद प्रयागराज।
2. मु0अ0सं0 220/2020 धारा 411/413/414 भादवि थाना माण्डा जनपद प्रयागराज।
3. मु0अ0सं0 223/2020 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधि0 थाना माण्डा जनपद प्रयागराज।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. प्र0नि0 शैलेन्द्र सिंह, थाना माण्डा कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 निहाल गुप्ता, थाना माण्डा कमिश्नरेट प्रयागराज।

3. उ0नि0 अमित नागर, थाना माण्डा प्र कमिश्नरेट यागराज।
4. का0 मोहित कुमार, थाना माण्डा कमिश्नरेट प्रयागराज।
5. का0 उमेश यादव, थाना माण्डा कमिश्नरेट प्रयागराज।
6. का0 अंकित यादव, थाना माण्डा कमिश्नरेट प्रयागराज।
7. का0 कुलदीप चौधरी, थाना माण्डा कमिश्नरेट प्रयागराज।